# थैंक यू बाबा | By Amit Kalra Meetu

दर्द दिलो के सेह नहीं पाते
श्याम अगर जो तुम ना निभाते
श्याम अगर जो तुम ना निभाते
सच कहते हैं जी नहीं पाते
श्याम अगर जो तुम ना निभाते
बाबा अगर जो तुम ना निभाते

ख्वाइश मेरी सब थी अधूरी
जीवन में थी बस मजबूरी
अपनों का सताना, सितम ढाना
कैसे हम भूले वो अफसाना
गिर गिर के यूँ सम्भल ना पाते
श्याम अगर जो तुम ना निभाते
सच कहते हैं जी नहीं पाते
श्याम अगर जो तुम ना निभाते
बाबा अगर जो तुम ना निभाते

दिल की बातें दिल में ही रहती
छुप छुप कर के आँखें बहती
रोज़ रोज़ वो ही तिल तिल करके मरना
तेरी ही कृपा से मैं हूँ ज़िंदा
सपने भी सपने रह जाते
श्याम अगर जो तुम ना निभाते
सच कहते हैं जी नहीं पाते
श्याम अगर जो तुम ना निभाते
बाबा अगर जो तुम ना निभाते

जबसे तुम्हारी भक्ति मिली है
पापों से मोहित मुक्ति मिली है
अब तो ये ही कहना शरण में रहना
चाहे कुछ भी सोचे ये ज़माना
सारा जीवन रो रो बिताते
श्याम अगर जो तुम ना निभाते
सच कहते हैं जी नहीं पाते
श्याम अगर जो तुम ना निभाते
बाबा अगर जो तुम ना निभाते

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a5%e0%a5%88%e0%a4%82%e0%a4%95-%e0%a4%af%e0%a5%82-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-by-amit-kalra-meetu/